# राजद्रोह पर पुनर्वचिार

### संदर्भ

पाँच दशकों में तीसरी बार वधिआियोग भारतीय दंड संहति‍ा की धारा 124A की समीक्षा करने की प्रक्रयि‍ा में है। वधिआियोग ने अपने परामर्श पत्र में इस वषिय पर पुनर्वचिार करने की बात कही है और जनता के लयि‍े इस वषिय पर राष्ट्रीय बहस हेतु वभिन्नि मुद्दों को प्रस्तुत कयि‍ा गया है। सत्ता के खलिाफ लखिने, बोलने या दृश्य फलि्म की प्रस्तुतपिर प्रतबिंध प्रथम दृष्टया वाक् और अभवि्यक्तकिी स्वतंत्रता का हनन माना जाता है और हर जगह शासक अपने खलिाफ असंतोष को भड़काने वाले प्रयासों और कटु आलोचनाओं को रोकने का प्रयास करते हैं। इसी संदर्भ में औपनवि‍ेशकि शासन के तहत अधनियिमति भारतीय दंड संहति‍ा की धारा 124A एक प्रासंगकि कानूनी माध्यम बनी हुई है।

### भारतीय दंड संहति‍ा की धारा 124Aक्या है?

भारतीय दंड संहति‍ा की धारा 124 A के अनुसार, "बोले या लखिे गए शब्दों या संकेतों द्वारा या दृश्य प्रस्तुतदि्वारा, जो कोई भी भारत में वधिदि्वारा स्थापति सरकार के प्रतघिृणा या अवमान पैदा करेगा या पैदा करने का प्रयत्न करेगा, असंतोष (Disaffection) उत्पन्न करेगा या करने का प्रयत्न करेगा, उसे आजीवन कारावास या तीन वर्ष तक की कैद और ज़ुर्माना अथवा सभी से दंडति कयि‍ा जाएगा।"

### परामर्श रपिोर्ट के प्रमुख बदिु

- वधिआियोग ने अपने परामर्श पत्र में कहा है कएिक जीवंत लोकतंत्र में सरकार के प्रतअिसहमतऔिर उसकी आलोचना सार्वजनकि बहस का प्रमुख मुद्दा है।
- इस संदर्भ में आयोग ने कहा कभिारतीय दंड संहति‍ा की धारा 124A, जसिके अंतर्गत राजद्रोह का प्रावधान कयि‍ा गया है, पर पुनः वचिार करने या उसे रद्द करने का समय आ गया है।
- आयोग ने इस बात पर वचिार करते हुए कमिुक्त वाक् एवं अभवि्यक्तकिा अधकिार लोकतंत्र का एक आवश्यक घटक है, के साथ "धारा 124A को हटाने या पुनर्परभिाषति करने के लयि‍े सार्वजनकि राय आमंत्रति की है।
- पत्र में कहा गया है कभिारत को राजद्रोह के कानून को क्यों बरकरार रखना चाहयि‍े जबकइिसकी शुरुआत अंग्रेज़ों ने भारतीयों के दमन के लयि‍े की थी और उन्होंने अपने देश में इस कानून को समाप्त कर दयि‍ा है। उल्लेखनीय है करिाजद्रोह के तहत तीन वर्ष से लेकर आजीवन कारावास का प्रावधान कयि‍ा गया है।
- इस तरह आयोग ने कहा करिाज्य की कार्रवाइयों के प्रतअिसहमतकिी अभवि्यक्तकिो राजद्रोह के रूप में नहीं माना जा सकता है।
- एक ऐसा वचिार जो कसिरकार की नीतयिों के अनुरूप नहीं है, की अभवि्यक्तमित्र से व्यक्तपिर राजद्रोह का मुकदमा नहीं चलाया जा सकता है।
- गौरतलब है कअिपने इतहिास की आलोचना करने और प्रतकिार करने का अधकिार अभवि्यक्तकिी स्वतंत्रता के तहत सुरक्षति है।
- राष्ट्रीय अखंडता की रक्षा करना आवश्यक है, लेकनि इसका दुरुपयोग स्वतंत्र अभवि्यक्तपिर नयिंत्रण स्थापति करने के उपकरण के रूप में नहीं कयि‍ा जाना चाहयि‍े।
- आयोग ने कहा कलिोकतंत्र में एक ही पुस्तक से गीतों का गायन देशभक्तकिा मापदंड नहीं है। लोगों को उनके अनुसार देशभक्तकिो अभवि्यक्त करने का अधकिार होना चाहयि‍े।
- अनुचति प्रतबिंधों से बचने के लयि‍े मुक्त वाक् एवं अभवि्यक्तकिी स्वतंत्रता पर प्रतबिंधों की सावधानी पूर्वक जाँच करनी चाहयि‍े। कतिु आयोग ने कहा है कयिदनि्यायालय की अवमानना के संदर्भ में सज़ा का प्रावधान है तो सरकार की अवमानना के संदर्भ में क्यों नहीं होना चाहयि‍े?

### इस धारा से जुड़ी समस्याएँ

- केंद्र और राज्यों की सरकारों द्वारा अक्सर कार्यकर्त्ताओं, वरिोधयिों, लेखकों और यहाँ तक ककिार्टूनसि्टों के खलिाफ इस धारा के प्रयोग की खबरें दोहराई जाती हैं।
- उल्लेखनीय है 1870 में संभावति वद्रिोह के डर से औपनवि‍ेशकि शासकों द्वारा देशद्रोह कानून को भारतीय दंड संहति‍ा (आईपीसी) में शामलि कयि‍ा गया था। आज़ादी के बाद इसे खत्म कयि‍े जाने की मांग के बावजूद यह आज भी कानून की कतिाबों में बना हुआ है।
- धारा 124A को लगातार कई पीढ़यिों द्वारा पुनर्वचिार करके इसे बचाकर रखा गया है, कतिु पूरी तरह से नरिस्त नहीं कयि‍ा जाता है।
- वर्ष 1968 में वधिआियोग की एक पूर्व रपिोर्ट में इस खंड को रद्द करने के वचिार को खारजि कर दयि‍ा गया था।
- वर्ष 1971 में पैनल चाहता था ककिानून द्वारा स्थापति सरकार के अतरिकि्त संवधिान, वधियकिा और न्यायपालकिा को कवर करने के लयि‍े भी इस अनुभाग का वसि्तार कयि‍ा जाए, क्योंकइिन संस्थानों के खलिाफ 'असुरक्षा' को बर्दाश्त नहीं कयि‍ा जाना चाहयि‍े।
- राजद्रोह पर प्रावधान के लयि‍े सबसे बड़ी आपत्तयिह है कइिसकी परभिाषा बहुत व्यापक है। अतः इसके दुरुपयोग की घटनाएँ भी कम नहीं हैं।

- आज सरकारों के बीच यह कानून इतना लोकप्रिय हो गया है कि तमिलनाडु के कुंडकुलम में एक गाँव पर इसलिये देशद्रोह कानून थोप दिया गया था, क्योंकि वे वहाँ परमाणु संयंत्र बनाए जाने के पक्ष में नहीं थे।
- इतना ही नहीं, वर्ष 2014 में झारखंड में तो विस्थापन का विरोध कर रहे आदिवासियों पर भी देशद्रोह कानून चलाया गया था।
- हालाँकि, राजद्रोह कानून के विरोधी अक्सर दावा करते हैं कि आईपीसी की धारा 124 A, अनुच्छेद 19 के तहत प्राप्त 'स्वतंत्रता के अधिकार' की भावना के प्रतिकूल है।
- अनुच्छेद 19 'स्वतंत्रता के अधिकार' की बात करता है और इसका नियम 1 (A) कहता है कि "सभी नागरिकों को बोलने और अभिव्यक्ति का अधिकार होगा", किंतु इस स्वतंत्र वाणी अथवा अभिव्यक्ति पर निश्चित प्रतिबंध भी लगाता है।
- बेशक, सरकार या सरकारी नीतियों की आलोचना करना राजद्रोह नहीं कहा जा सकता है, लेकिन राजद्रोह का मुकदमा तभी दायर होना चाहिये, जब किसी व्यक्ति या किसी समूह द्वारा देश की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता पर सवाल खड़ा किया जाए।

**आगे की राह**

दरअसल, हमें यह समझना होगा कि न तो सरकार और राज्य एक हैं, और न ही सरकार तथा देश। सरकारें आती-जाती रहती हैं, जबकि राज्य बना रहता है। राज्य संविधान, कानून और सेना से चलता है, जबकि राष्ट्र अथवा देश एक भावना है, जिसके मूल में राष्ट्रीयता का भाव होता है। इसलिये कभी-कभी ऐसा भी हो सकता है कि राजद्रोह राष्ट्रभक्ति के लिये आवश्यक हो जाए। ऐसी परिस्थिति में सरकार की आलोचना नागरिकों का पुनीत कर्त्तव्य होता है। अतः सत्तापक्ष को धारा 124A का दुरुपयोग नहीं करना चाहिये। सच कहें तो देशद्रोह शब्द एक सूक्ष्म अर्थों वाला शब्द है, इससे संबंधित कानूनों का सावधानी पूर्वक इस्तेमाल किया जाना चाहिये।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/Reconsideration-of-treason